भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1349
उत्तर देने की तारीख : सोमवार, 11 दिसंबर, 2023
20 अग्रहायण, 1945 (शक)

पुराने मंदिरों और मठों का जीर्णोद्धार

1349. **श्री आर.के. सिंह पटेल:**
क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार उत्तर प्रदेश के चित्रकूट और बांदा क्षेत्र सहित देश के लोक महत्व के पुराने मंदिरों और मठों का जीर्णोद्धार करने का है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार का विचार देश में छोटे पर्यटन स्थलों के विकास के लिए कोई योजना बनाने का है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा देश में राष्ट्रीय महत्व के 3697 प्राचीन स्मारकों तथा पुरातत्वीय स्थलों और अवशेषों की देखभाल और रख-रखाव करता है। प्राचीन मंदिरों और मठों सहित इन स्मारकों और स्थलों का संरक्षण और पुनरूद्धार किया जाना एक सतत् प्रक्रिया है और यह आवश्यकता और संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार किया जाता है ।

(ख) (i) रामनगर, कारवी स्थित पोप का घर, (ii) गणेश बाग, कारवी स्थित पत्थर का मंदिर (iii) कारवी स्थित तालाब के बीच में स्थित मंदिर, चित्रकूट जिले में स्थित हैं और इनका सरंक्षण भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा किया गया है।

(ग) और (घ): पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) नामक स्कीम शुरू की है जिसका उद्देश्य टिकाऊ और अनुक्रियाशील पर्यटन गंतव्य स्थलों का विकास करना है। स्वदेश दर्शन 2.0 स्कीम के दिशानिर्देशों के अनुसार, राज्य सरकारें/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन प्रमुख पर्यटन आकर्षण, भेंट, संपर्क मार्ग, चालू पर्यटन पर्यावरण प्रणाली, राज्य सहायता आदि जैसी विशेषताओं के आधार पर विभिन्न गंतव्य स्थलों का विश्लेषण करके राज्य परिप्रेक्ष्य योजना (एसपीपी) तैयार करते हैं। तदनुसार, पर्यटन मंत्रालय संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन से परामर्श करके विकास करने के लिए गंतव्य स्थलों का चयन करता है। पर्यटन मंत्रालय ने इस स्कीम के तहत विकास करने के लिए देश में 55 गंतव्य स्थलों को अधिसूचित किया है जिसकी सूची **अनुबंध-I** में संलग्न है।

अनुबंध- I

लोक सभा में दिनांक 11.12.2023 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 1349 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

स्वदेश दर्शन 2.0 के अंतर्गत अधिसूचित गंतव्य स्थलों का विवरण

क्र.सं.	राज्य /संघ/राज्य क्षेत्र	स्थलों नाम का	स्थलों की संख्या
1.	आंध्र प्रदेश	गांडीकोटा , अराक्कूल- लाम्बासिंगी	2
2.	अरूणाचल प्रदेश	नाचो ,मेचुका	2
3.	असम	जोरहाट ,कोकड़ाझाड़	2
4.	बिहार	गया ,नालन्दा	2
5.	छत्तीसगढ	बिलासपुर ,जगदलपुर	2
6.	गोवा	पोरवोरिम ,कोल्वा	2
7.	गुजरात	धोलावीरा ,द्वारका	2
8.	हरियाणा	पंचकुला(मोरनी)	1
9.	हिमाचल प्रदेश	पांग बाँध	1
10.	जम्मू और कश्मीर	बशोली	1
11.	झारखंड	चांडिल	1
12.	कर्नाटक	हम्पी ,मैसूर	2
13.	केरल	कुमारकोम ,कोझिकोड(बेपोर)	2
14.	मध्य प्रदेश	ग्वालियर ,चित्रकूट	2
15.	महाराष्ट्र	सिंधुदुर्ग	1
16.	मणिपुर	मोइरांग(बिष्णुपुर)	1
17.	मेघालय	शिलांग ,सोहरा	2
18.	मिजोरम	आइजोल ,चम्फई	2
19.	नागालैंड	न्यूलैंड ,चुमुकेदिमा	2
20.	ओडिशा	कोरापुट	1
21.	पंजाब	अमृतसर ,कपूरथला	2
22.	राजस्थान	बूंदी ,(केशोरायपाटन) जोधपुर	2
23.	सिक्किम	गंगटोक ,ग्यालसिंग	2
24.	तमिलनाडु	मामल्लापुरम ,नीलगिरी	2
25.	तेलंगाना	भोंगिर, अनंतगिरि	2
26.	त्रिपुरा	अगरतला, उन्नाकोटि	2
27.	उत्तर प्रदेश	प्रयागराज ,नैमिषारण्य	2
28.	उत्तराखंड	पिथौरागढ़ ,चंपावत	2
29.	चंडीगढ़	चंडीगढ़	1
30.	लक्षद्वीप	लक्षद्वीप	1
31.	पुदुचेरी	पुडुचेरी ,करियाकाल	2
32.	लद्दाख	लेह ,कारगिल	2
		कुल	55